दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 25-02-2026

# सीआरएसयू के पांच विद्यार्थी सहायक प्रोफेसर पद पर चयनित



जींद| सीआरएसयू के इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के 5 विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर), उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सुधीर, मनु, शशि, वीरेन्द्र और मनोज शामिल हैं। यह उपलब्धि न केवल इतिहास विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर वीसी प्रो. रामपाल सैनी ने चयनित विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वीसी ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर रहे हैं और समाज को शिक्षित व जागरूक बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विश्वविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजमेर सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित वातावरण का परिणाम है। इस अवसर पर वीसी के ओएसडी डॉ. विजय कुमार, डॉ. जगपाल मान, डॉ. जसमेर लोहान, डॉ. जगपाल दहिया, डॉ. संदीप नैन सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 25 Feb 2026 - Page 2

# पांच विद्यार्थियों का एचपीएससी में चयन

■ सीआरएसयू विश्वविद्यालय में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों में सुधीर, मनु, शशि, वीरेन्द्र तथा मनोज शामिल हैं।



चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलगुरू प्रो . रणपाल। *फोटो : हरिभूमि*

यह उपलब्धि न केवल इतिहास विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने चयनित विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलगुरु ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि निरंतर परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य और सकारात्मक सोच से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर रहे हैं और समाज को शिक्षित व जागरूक बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## सच्ची निष्ठा से करेंगे कार्य

विद्यार्थियों ने कहा कि विवि में प्राप्त मार्गदर्शन, पुस्तकालय की समृद्ध सुविधाएं, नियमित कक्षाएं तथा शिक्षकों का व्यक्तिगत सहयोग उनकी सफलता में अत्यंत सहायक रहा। वे भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में निष्ठा, समर्पण और गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए विवि का नाम और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए जूनियर विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समसामयिक विषयों की तैयारी और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

पंजाब केसरी
WED,25 FEBRUARY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

# विश्वविद्यालय के 5 विद्यार्थी एच.पी.एस.सी. में सहायक प्रोफैसर के पद पर चयन



चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलगुरु प्रो. रणपाल।

जींद, 24 फरवरी (ललित): चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के 5 विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सुधीर, मनु, शशि, वीरेन्द्र तथा मनोज शामिल हैं।

यह उपलब्धि न केवल इतिहास विभाग बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने चयनित विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलगुरु ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि निरंतर परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य और सकारात्मक सोच से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

चयनित विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा विश्वविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्राप्त मार्गदर्शन, पुस्तकालय की समृद्ध सुविधाएं, नियमित कक्षाएं तथा शिक्षकों का व्यक्तिगत सहयोग उनकी सफलता में अत्यंत सहायक रहा। चयनित विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए जूनियर विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समसामयिक विषयों की तैयारी और आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि असफलताओं से घबराने की बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता की कुंजी है। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजमेर सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासित वातावरण का परिणाम है। इस अवसर पर कुलगुरु के ओ.एस.डी. डॉ. विजय कुमार, डॉ. जगपाल मान, डॉ. जसमेर लोहान, डॉ. जगपाल दहिया, डॉ. संदीप नैन सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण

Date-20.02.2026

# सीआरएसयू के पांच विद्यार्थी एचपीएससी में सहायक प्रो. चयनित



चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में एचपीएससी में सहायक प्रोफेसर के पद पर चयनित विद्यार्थियों के साथ मौजूद कुलपति प्रो. रामपाल सैनी। ● सौजन्य सीआरएसयू

जासं ● जींद : चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन सहायक प्रोफेसर (कालेज कैडर) उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सुधीर, मनु, शशि, वीरेंद्र व मनोज शामिल हैं। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि निरंतर परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य और सकारात्मक सोच से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हें गर्व है कि हमारे छात्र शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर रहे हैं और समाज को शिक्षित व जागरूक बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। चयनित विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों व विश्वविद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण को दिया।

अमर उजाला

**Date-20.02.2026**

# पांच विद्यार्थियों का सहायक प्रोफेसर पद पर चयन

जींद। पुरातत्व विभाग के पांच विद्यार्थियों का चयन हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की ओर से सहायक प्रोफेसर (कॉलेज कैडर), उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सुधीर, मनु, शशि, वीरेंद्र और मनोज शामिल हैं। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय और विभाग के लिए गौरव का विषय है। कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी ने चयनित विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. विजय कुमार, डॉ. जगपाल मान, डॉ. जसमेर लोहान, डॉ. जगपाल दहिया, डॉ. संदीप नैन सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। संवाद